# एपैरेल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल

पंजीकृत कार्यालय : ए–223, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–1 नई दिल्ली–110020
सीआईएन: U74899DL1978NPL008877 टेलीफोन: 011–40501798
ईमेल : aepcokhla@aepcindia.com वेबसाइट : www.aepcindia.com

## 47वीं वार्षिक आम बैठक के लिए सदस्यों को सूचना

प्रिय सदस्य(यों),

यह सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके तहत बनाये गये नियमों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए परिपत्र/त्रों') द्वारा क्रमशः जारी सामान्य परिपत्र संख्याः 14/2020, दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022, 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023, 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, और 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025, के अनुपालन में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुलाने की सूचना में दिए गए कार्यों को निष्पादित करने हेतु सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, परिषद् की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन बुधवार दिनांक 09 सितंबर, 2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग (वीसी)/अन्य आडियों विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से किया जायेगा।

एमसीए के परिपत्र/त्रों के अनुसार, 47वीं एजीएम की सूचना एवं **31 मार्च, 2026** ("वार्षिक रिपोर्ट") को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों सहित वर्ष 2025–2026 की वार्षिक रिपोर्ट, उन सभी सदस्यों को केवल ई–मेल द्वारा भेजी जायेगी, जिनके ई–मेल पते परिषद् के पास पंजीकृत होगें। यदि कोई सदस्य, परिषद् के साथ अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत या अद्यतन करना चाहता है, तो वह कंपनी का नाम, सदस्य संख्या, अधिकृत प्रतिनिधि का नाम, ई–मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए, ई–मेल **aepc.agm.2026@aepcindia.com** पर भेज सकते हैं।

सदस्य, 47वीं एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही शामिल हो सकते है/भाग ले सकते हैं। 47वीं एजीएम की सूचना में, 47वीं एजीएम में शामिल होने और 47वीं एजीएम के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग में भागीदारी करने या ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने के तरीके के अनुदेश दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भागीदारी करने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना हेतु गिना जायेगा। 47वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट, कंपनी की वेबसाइट अर्थात् **www.aepcindia.com** पर और साथ ही मैसर्स एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होगी।

सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना में दी गई सभी टिप्पणियों एवं विशेष रूप से 47वीं एजीएम में शामिल होने के लिए अनुदेश, एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यान से पढ़े।

उपर्युक्त सूचना, परिषद् के सभी सदस्यों की जानकारी एवं हित हेतु जारी की जा रही है तथा यह कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय(एमसीए) के परिपत्रों के अनुपालन में है।

कृते एपैरेल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल

(सुमित गुप्ता)

दिनांक : 27/07/2026
स्थान : नई दिल्ली

Jansatta 28/7/26

कंपनी सचिव